भारत सरकार

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4042

उत्तर देने की तारीख 17 जुलाई, 2019 (बुधवार)

26 आषाढ़, 1941 (शक)

प्रश्न

उत्तर पूर्वी क्षेत्र (एनईआर) के विकास हेतु निधि

4042. श्रीमती क्वीन ओझा:

क्या उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) 2010-11 से 2018-19 तक उत्तर पूर्वी क्षेत्र (एनईआर) के विकास हेतु आबंटित की गई निधि का ब्यौरा क्या है;

(ख) इन वर्षों के दौरान वास्तव में कितनी निधि व्यय की गई;

(ग) इन निधियों को किन प्रमुख परियोजनाओं पर व्यय किया गया;

(घ) क्या गत नौ वर्षों में इस व्यय पर कोई परिणाम आधारित आकलन किया गया;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;और

(च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) और (ख) सभी गैर-छूट प्राप्त केंद्रीय मंत्रालयों को अपने वार्षिक सकल बजटीय आबंटन का 10% पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर) के लिए चिह्नित करना अनिवार्य है । उपलब्ध सूचना के अनुसार वर्ष 2014-15 से 2018-19 के लिए पूर्वोत्तर के लिए निधियों का निर्धारण और अनंतिम व्यय (वित्त मंत्रालय की अंतिम संवीक्षा के अधीन) निम्नानुसार हैः-

(रूपये करोड़ में)

वर्ष	**बजट अनुमान**	**संशोधित अनुमान**	**व्यय**
2014-15	36,107.56	27,359.17	24819.18
2015-16	29,087.93	29,669.22	28673.73
2016-17	29,124.79	32,180.08	29367.90
2017-18	43,244.64	40,971.69	39,753.44*
2018-19	47,994.88	47,087.95	45,518.14**

- 54 मंत्रालयों में से 53 से संबंधित आंकड़ें संबंधित मंत्रालयों द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी पर आधारित है, जबकि एक मंत्रालय के आंकड़े पीएफएमएस पर आधारित हैं ।

** 54 मंत्रालयों में से 48 से संबंधित आंकड़ें संबंधित मंत्रालयों द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी पर आधारित है, जबकि छह मंत्रालयों के आंकड़े पीएफएमएस पर आधारित हैं ।

वर्ष 2010-11 से 2018-19 के लिए उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय का बजटीय आबंटन और उपयोग की गई निधियों का विवरण निम्नानुसार हैः-

वर्ष	**बजट अनुमान**	**संशोधित अनुमान**	**व्यय**
2010-11	1759.33	1759.33	1640.53
2011-12	1762.58	1664.27	1649.79
2012-13	1929.33	1750.68	1666.57
2013-14	2030.97	1830.00	1804.87
2014-15	2332.78	1825.45	1719.44
2015-16	2362.74	2000.14	1986.80
2016-17	2430.01	2524.42	2495.84
2017-18	2682.45	2682.45	2513.97
2018-19	3000.00	2629.48	1960.66

(ग) इन वर्षों में पूर्वोत्तर क्षेत्र में विभिन्न मंत्रालयों द्वारा किया गया प्रमुख व्यय अवसंरचना क्षेत्रों जैसे सड़कें, विद्युत आदि और सामाजिक क्षेत्रों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, ग्रामीण विकास आदि में किया गया है । डोनर मंत्रालय ने अव्यपगत केंद्रीय संसाधन पूल, पूर्वोत्तर परिषद (एनईसी), उत्तर पूर्व सड़क क्षेत्र विकास स्कीम, उत्तर पूर्व विशेष अवसंरचना स्कीम (एनईएसआईडीएस), बोडो लैंड प्रादेशिक परिषद, कार्बी आंगलोंग प्रादेशिक परिषद और दिमा हसाओ प्रादेशिक परिषद की चिह्नित अवसंरचना एवं विकास परियोजनाओं के निधीयन के लिए विशेष पैकेज एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र में भौतिक अवसंरचना विशेषकर सड़कें, विद्युत एवं जल तथा सामाजिक क्षेत्रों जैसे आजीविका, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि में अंतरालों को पाटने के लिए बाह्य सहायता प्राप्त पूर्वोत्तर ग्रामीण आजीविका परियोजना (एनईआरएलपी) की स्कीमों के तहत परियोजनाएं चलाई हैं ।

(घ) से (च) वर्ष 2017 में सभी चालू स्कीमों का तृतीय पक्ष मूल्यांकन 12वीं पंचवर्षीय योजना के आगे उन्हें जारी रखने के पहले परिणाम आधारित समीक्षा के लिए किया गया । ये स्कीमें देश के देश के भीतर तथा पड़ोसी देशों के साथ भी बेहतर संपर्कता, पूर्वोत्तर राज्यों में पर्यटकों के आगमन में सुधार, संवहनीय आजीविकाएं, विद्युत की बेहतर उपलब्धता, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में सुधार आदि उपलब्ध कराएंगी ।

*****